(ख) यदि हां, तो देश की वर्तमान आर्थिक कठिनाइयों को देखते हुए ऐसी कार्यवाही क्यों की जा रही है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

हिन्दी में पत्राचार

974. श्री विश्राम प्रसाद :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री नरदेव स्नातक :
श्री हु० म० केदरिया :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 26 जनवरी, 1965 से अगस्त, 1966 तक उनके मंत्रालय द्वारा बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों को (1) विधि तथा व्यवस्था, (2) जेल, (3) जन गणना तथा (4) आंतरिक शान्ति सम्बन्धी मामलों पर कितने पत्र और परिपत्र भेजे गये ;

(ख) इनमें से कितने पत्र या परिपत्र हिन्दी में भेजे गये अथवा कितनों के साथ उनका हिन्दी अनुवाद भेजा गया ; और

(ग) क्या कोई ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि भविष्य में इन राज्यों की सरकारों को पत्र या तो हिन्दी में भेजे जायें अथवा उनका हिन्दी अनुवाद साथ भेजा जाये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) इस अवधि के दौरान केवल विधि तथा व्यवस्था सम्बन्धी 7 परिपत्र ही जारी किये गये।

(ख) कोई नहीं।

(ग) हिन्दी सलाहकार समिति की एक उप-समिति ने इस विषय पर एक सिफारिश दी है जो अभी विचाराधीन है।

हिन्दी जानने वाले अधिकारी

975. श्री काशी राम गुप्त :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री नरदेव स्नातक :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री हु० म० केदरिया :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा उनसे सम्बद्ध तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्य कर रहे प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारियों में से कितने प्रतिशत अधिकारी हिन्दी जानते हैं; और

(ख) उनमें से कितने प्रतिशत अधिकारी अपना प्रशासकीय कार्य हिन्दी में कर रहे हैं अथवा हिन्दी में टिप्पण लिखने तथा प्रारूप तैयार करने को प्रोत्साहन दे रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) और (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी।

भारत सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत राजस्थान में गिरफ्तारियां

976. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1965-66 में भारत सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य में लोगों को गिरफ्तार किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो 1965-66 में भारत सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत राजस्थान में कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ; और

(ग) उनमें से कितने व्यक्तियों को सजा दी गई ?